Total No. of Printed Pages—6

1 SEM TDC HING (CBCS) AECC 2 (A/B)

2022

(Nov/Dec)

HINDI

(Modern Indian Language)

(For Arts/Sc/Com)

The figures in the margin indicate full marks for the questions

Paper : AECC–2A

(हिन्दी काव्य एवं गद्य साहित्य)

Time : 2 hours

Candidates ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***4***

Full Marks : 40

Pass Marks : 16

Candidates ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***5***

Full Marks : 50

Pass Marks : 20

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) सूरदास किसके शिष्य थे?

(ख) 'आँसू' कविता के कवि कौन हैं?

(ग) 'चीफ की दावत' कहानी में मि० शामनाथ किस विभाग के उच्च अधिकारी थे?

(घ) चंद्रधर शर्मा को कौन-सी उपाधि से विभूषित किया गया?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) सूरदास की कृतियों के नाम लिखिए।

(ख) 'बिनु गोपाल बैरिनि भई कुंजै' से सूरदास क्या कहना चाहते हैं?

(ग) मन्नू भण्डारी की कहानी 'यही सच है' की मुख्य घटना क्या है?

(घ) 'पगडंडियों का जमाना' में शिक्षा की किस समस्या का उल्लेख किया गया है?

(ङ) दीपा का वर्तमान और अतीत का प्रेम कौन है?

3. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×2=12

(क) मोकों कहाँ ढूँढै बन्दे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में।
ना तो कोना क्रिया-कर्म में, नहीं योग बैराग में।
खोजी होय तो तुरतै मिलहीं, पल-भर की तलास मैं।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।

अथवा

द्वीप हैं हम।
यह नहीं है शाप। यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं। बैठ नदी के क्रोड में।
वह वृहद् भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड
अपना पितर है।

(ख) फिर अठारह वर्ष की आयु में किया हुआ प्यार भी कोई प्यार होता है, भला निरा बचपना होता है, महज पागलपन! उसमें आवेश रहता है, पर स्थायित्व नहीं, गति रहती है, पर गहराई नहीं। जिस वेग से वह आरम्भ होता है, जरा-सा झटका लगने पर उसी वेग से टूट जाता है... और उसके बाद आहों, आँसुओं और सिसकियों का एक दौर, सारी दुनिया की निस्सारता और आत्महत्या करने के अनेकानेक संकल्प और फिर एक तीखी घृणा।

अथवा

सच्चाई के लिए घूस देने की अपेक्षा यह ज्यादा अच्छा है कि झूठ के लिए घूस दूँ। इतना महँगा ईमान अपनी हैसियत के बाहर है। इससे तो बेईमानी सस्ती पड़ेगी।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×2=16

(क) सिद्ध कीजिए कि "तुलसीदास जी दार्शनिक नहीं, भक्त थे, पर उनकी भक्ति का आधार दार्शनिक था"।

(ख) 'अज्ञेय' का जीवन-परिचय देते हुए 'नदी के द्वीप' कविता का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

(ग) भीष्म साहनी द्वारा लिखित कहानी 'चीफ की दावत' का सार अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) कछुआ-धर्म के साथ पलायनवाद की तुलना कीजिए और गुलेरीजी के उदाहरणों की उपयुक्तता सिद्ध कीजिए।

(ङ) 'यही सच है' कहानी के आधार पर दीपा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

In lieu of Internal Assessment

5. जयशंकर प्रसाद के जीवन और साहित्यिक कृतियों का परिचय दीजिए। 10

अथवा

'यही सच है' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

COMMUNICATIVE HINDI

(For Arts/Sc/Com)

Paper : AECC–2B

(हिन्दी भाषा और व्याकरण)

Full Marks : 40

Pass Marks : 16

Time : 2 hours

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

(क) वैदिक भाषा में कितनी ध्वनियाँ हैं?

(ख) द्विगुण व्यंजनों की संख्या कितनी है?

(ग) हिन्दी क्रिया रूपों की भिन्नता के कितने आधार हैं?

(घ) सरल वाक्य की परिभाषा दीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) हिन्दी भाषा के विविध रूपों का उल्लेख कीजिए।

(ख) व्याकरण के कितने अंग होते हैं? संक्षेप में लिखिए।

(ग) भाववाचक संज्ञा किस प्रकार बनती है?

(घ) वाक्य के अनिवार्य तत्त्वों को संक्षेप में लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) भाषा और व्याकरण किसे कहते हैं? दोनों में परस्पर क्या संबंध है? विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ख) भाषा की प्रकृति प्रारम्भिक अवस्था में क्या थी? उल्लेख कीजिए।

(ग) स्वरूप एवं उच्चारण के अनुसार स्वर और व्यंजन का विभाजन उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए।

(घ) विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेद एवं लक्षण उदाहरण सहित लिखिए।

(ङ) शब्द-बोध किसे कहते हैं? विभिन्न शब्दों के पद-परिचय करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाता है?

(च) वाक्य किसे कहते हैं? उसके कितने प्रकार होते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

★ ★ ★